फिर साथ आ रही है माही गिल और जिमी शेरगिल की जोड़ी

बॉलिवुड की बेहतरीन अभिनेत्री माही गिल और बेहद उम्दा कलाकार जिमी शेरगिल की कमाल की जोड़ी का जानदार परफॉर्मेंस तो आपने निर्देशक तिग्मांशु धुलिया की फिल्म साहब बीवी और गैंगस्टर देखा ही होगा।

यह जोड़ी बाद में कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में भी नजर आई। अब एक बार फिर से दोनों परदे पर एक नई कहानी के साथ आ रहे हैं। फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज में माही और जिमी पति-पत्नी के किरदार में नजर आएंगे। साहब की बीवी, बीवी की नशीली आंखे, साहब को धोखे और फरेब से हर बार मात देने को तैयार खड़ी बीवी यानी माही गिल एक बार फिर से कुछ इसी तरह के अंदाज में नजर आएंगीं। मनोज के झा के निर्देशन में तैयार फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज एक गैंगस्टर परिवार की कहानी है। धोखा, लालच, मार-धाड़ ऐक्शन और रोमांस के साथ ठाकुरगंज की इस फैमिली ड्रामे में कई परतें हैं।

इस बार माही एक ऐसी बीवी के किरदार में हैं, जो अपने पति को डरा कर रखती है, जरूरत पड़ने पर तमंचे से ठांय-ठांय करने में भी पीछे नहीं रहती। फिल्म में जिमी एक गैंगस्टर की भूमिका में हैं। फिल्म में सुप्रिया पिलगांवकर जिमी की मां के रोल में हैं। इनके आलावा सौरभ शुक्ला, पवन मल्होत्रा, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, नंदिश संधू और सुधीर पांडे जैसे कलाकार हैं। फिल्म को संगीत से सजाया है साजिद-वाजिद की जोड़ी ने और फिल्म की कहानी दिलीप शुक्ला ने लिखी है।

जिमी और माही की यह फिल्म शूट हो चुकी है, इन दिनों फिल्म के प्रॉडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल के अंत तक रिलीज़ की जाएगी। अब तक मेकर्स ने फिल्म की रिलीज़ डेट फाइनल नहीं की है।

खबर है की यह फिल्म सनी देओल, बॉबी देओल को ऑफर की गई थी, बॉबी फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने वाले थे, लेकिन बात नहीं बनी। बाद में यह कहानी सिद्धार्त मल्होत्रा के पास भी गई थी, लेकिन सिद्धार्त इस तरह के जॉनर की फिल्म करना नहीं चाहते थे।

माही इन दिनों सलमान खान की सुपरहिट फ्रेंचाइज दबंग 3 की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में वह सलमान खान की भाभी यानी अरबाज खान की वाइफ के किरदार में नजर आएंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

गर्लफ्रेंड गैब्रिएला संग मालदीव में छुट्टियां मना रहे अर्जुन रामपाल, पोस्ट की तस्वीर

हाल ही में अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी कि उनकी ग्रलफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रिएड्समां बनने वाली हैं।

अब खबर है कि दोनों छुट्टियां मनाने मालदीव पहुंची हैं। अर्जुन ने अपनी ग्रलफ्रेंड के साथ इस हॉलिडे की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। गैब्रिएला ने भी कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों समंदर का मजा लेते नजर आ रहे हैं। बता दें कि अप्रैल की शुरुआत में ही अर्जुन ने गैब्रिएला की प्रेग्नेंसी की जानकारी दी। रिपोर्ट की मानें तो अर्जुन और गैब्रिएला की मुलाकात साल २००९ में आईपीएल पार्टी के दौरान हुई थी। साल २०18 में अर्जुन अपनी पत्नी मेहर से अलग हो गए। हालांकि, बता दें कि तलाक उनका अब भी नहीं हुआ है।

सैफ अली खान की 'लाल कप्तान' सितंबर में रिलीज होगी

अभिनेता सैफ अली खान अभिनीत 'लाल कप्तान' छह सितंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता इरोज इंटरनेशनल और आनंद एल राय के 'कलर येलो प्रोड्क्शन' हैं। इस फिल्म में खान नागा साधू की भूमिका में हैं जो फिल्म में यात्रा पर होंगे जिसमें ड्रामा, बदला और छल होगा। इरोज इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक सुनील लुल्ला ने एक बयान में बताया कि सैफ एक उम्दा अदाकार हैं और इस फिल्म की कहानी इस तरह की है जिससे उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है।

अपने सफर और संघर्ष के बारे में खुलकर बताया शिल्पा ने

ऐक्ट्रेस और बिज़नस वुमन शिल्पा शेट्टी कुंद्रा का कहना है कि हिंदी फिल्मों में उनका सफर आसान नहीं रहा, क्योंकि ऐसा भी हुआ कि निर्माताओं ने उन्हें बिना कोई कारण बताए फिल्मों से बाहर निकाल दिया था। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किए एक पोस्ट में 1993 में फिल्म बाजीगर से आगाज करने वाली शिल्पा ने हिंदी फिल्म उद्योग के अपने सफर और संघर्ष के बारे में खुलकर बताया है। शिल्पा ने लिखा, मैं एक सांवली, लंबी और दुबली-पतली लड़की थी, जिसने अपनी जिंदगी के बारे में काकी कुछ प्लान कर रखा था कि मैं ग्रैजुएट होकर पिता के साथ काम करूंगी...भले ही मैं मन ही मन कुछ और बनना चाहती थी, कुछ बड़ा और बेहतर करना चाहती थी, कभी ऐसा महसूस नहीं किया कि मैं कर सकती हूं। लेकिन, जब मैंने बस मजे के लिए एक फैशन शो में हिस्सा लिया तो मैं एक फोटोग्राफर से मिली जो मेरी तस्वीरें लेना चाहता था। शिल्पा ने कहा कि यह कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने का एक बेहतरीन अवसर था और उन तस्वीरों ने उनके लिए मॉडलिंग की दुनिया के दरवाजे खोल दिए। शिल्पा ने बताया कि जल्द ही उन्हें पहली फिल्म ऑफर हुई और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह आगे बढ़ रही थीं लेकिन कुछ भी असानी से नहीं मिलता। जब उन्होंने आगाज किया उस समय महज 17 साल की थीं और यादा दुनियादारी नहीं समझती थीं। सफलता के साथ उन्हें परखा जाने लगा जिसके लिए वह तैयार नहीं थीं। शिल्पा ने कहा कि वह हिंदी बोलना नहीं जानती थीं और कैमरे के सामने आने के बारे में सोचकर ही घबरा जाती थीं। शिल्पा ने याद करते हुए कहा, मैं उस मोड़ पर पहुंच गई जहां मेरे करियर की रफ्तार सुस्त पड़ गई। मैंने कड़ी मेहनत की, लेकिन हमेशा लगता था कि मैं पीछे छूट रही हूं।